कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितने बेहतर हैं। हमेशा कोई आपकी जगह ले सकता है। -वीरेंद्र सहवाग

## कैंपस क्वीन



निकिता सिंह
छात्रा, अर्मापुर पीजी कॉलेज

मुझे डांस का शौक है। मैं लोगों को ग्लोबल वार्मिंग के प्रति सचेत करना चाहती हूं।

## कैंपस का बादशाह



प्रवीण यादव
बीएससी तृतीय वर्ष का छात्र, सीएसजेएमयू

मुझे नई-नई जगहों पर घूमना पसंद है। गरीब और असहायों की मदद करना मुझे अच्छा लगता है।

## नई किलकारी



आनंदराम जयपुरिया स्कूल में नर्सरी की छात्रा सोनाक्षी गुप्ता को मेकअप और डांस करना पसंद है। बड़ी होकर अभिनय करना चाहती हैं।

आप भी बनना चाहते हैं कैंपस का बादशाह या कैंपस क्वीन या चाहते हैं किलकारी में अपने चहेतों के फोटो तो हमें डिटेल के साथ फोटो मेल या व्हाट्सएप करें-
knp-cityreporter@knp.amarujala.com
मो.- 7617566163

## ट्रेंडिंग ट्वीट

RAKHI v/s RAKSHABANDHAN

| एक दिन में ट्वीट | एक हफ्ते में ट्वीट |
|---|---|
| 8000 | 11300 |

### टॉप ट्वीट

Kanpur Nagar Police @kanpur-nagarpol
रक्षाबंधन के अवसर पर थाना कर्नलगंज में बच्चियों द्वारा पुलिस कर्मियों को राखी बांधी गई एवं सरकारी जीप से घर जाने की इच्छा जाहिर की जिस पर प्रभारी निरीक्षक कर्नलगंज द्वारा उन्हें सरकारी जीप में बैठाकर घर वापस भेजा गया। जीप में बैठकर बच्चियों के चेहरे पर आई मुस्कान।

# लीडरशिप के रोल मॉडल पीएम मोदी और धोनी

ई-समिट की वर्कशॉप में यूप्रिन्योर प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ ने आईआईटीयंस को दिए टिप्स


अमर उजाला ब्यूरो

**कानपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी और क्रिकेटर एमएस धोनी लीडरशिप के रोल मॉडल हैं। यूप्रिन्योर प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ युगांत वाई कुंभालकर ने बताया कि मोदी जिस तरह अपने सिद्धांतों पर अडिग रहते हुए सेल्फी लेकर युवाओं में घुल-मिल जाते हैं, यह लीडरशिप की कला है। इसी तरह धोनी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप जैसे संवेदनशील क्षण में उन्होंने बिल्कुल नए बॉलर के हाथ में गेंद थमाकर अपनी लीडरशिप का परिचय दिया है।



युगांत कुंभालकर।

आईआईटी में आयोजित ई-समिट की वर्कशॉप में कुंभालकर ने बताया कि अपने सिद्धांतों पर दृढ़ रहकर बदलाव को आत्मसात करना लीडरशिप की कला है। इस पर उद्यमियों को भी अमल करना चाहिए। अपने बिजनेस प्लान और उत्पाद को बदलाव के साथ बदलते और अपडेट करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वक्त सामाजिक उद्यमिता में बहुत मौके हैं। आईआईटीयंस को इस क्षेत्र में भी प्रयास करने चाहिए। कुंभालकर ने बताया कि लोग सामाजिक बुराइयों को दूर करने का मॉडल विकसित कर सकते हैं। इसकी दुनिया भर में मांग है। कुंभालकर ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला और एक अमेरिकी सिक्योरिटी चीफ की वीडियो क्लीपिंग दिखाते हुए कहा कि उद्यमिता लीडरशिप हो या राजनीतिक लोगों का भरोसा जीतना जरूरी है, उसके लिए व्यक्ति के अपने अंदर विश्वास होना चाहिए। व्यक्ति को यह भी विश्लेषण करना चाहिए कि उसके अपने अंदर ऐसा क्या है जिसे लोग जानते हैं और वह नहीं जानता। इसी खोज से इनोवेशन और आइडिया पैदा होते हैं।



ई-समिट की वर्कशॉप में शामिल छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र दिए गए। अमर उजाला

**उद्यमिता में महिलाओं के लिए मौके ही मौके**
देखें माय सिटी - 7

## सफर में याद दिलाते हैं कि क्या भूल गए

**कानपुर।** सॉफ्टवेयर इंजीनियर रजत जायसवाल ने खासतौर पर कॉरपोरेट और बिजनेस क्लास के लिए ग्राहक सेवा शुरू की है। कारोबार के सिलसिले में रात-दिन सफर करने वाले कंपनियों के सीईओ और दूसरे कारोबारियों को वह याद दिलाते हैं कि उन्हें मीटिंग में क्या-क्या चीजें ले जानी हैं। मीटिंग से लौटते वक्त अगर कोई कुछ सामान भूल गया तो उसे होटल या कन्वेंशन हॉल के बाहर से निकलने के पहले बता दिया जाएगा कि वह फलां सामान भूल रहा है। रजत जायसवाल ने अपनी ग्राहक सेवा की कंपनी आईबीटी रूम्स प्राइवेट लिमिटेड बनाई है। रजत ने ई-समिट में आयोजित स्टार्टअप प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। इसमें ग्राहक सेवा के इस आइडिया को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वह यह काम एमएडस ब्लक चेन तकनीक से यह काम कर रहे हैं। इसमें ऐप के माध्यम से ग्राहक से पूरा ब्यौरा लिया जाता है। ग्राहक का एकाउंट बन जाता है, फिर उसे सेवा उपलब्ध कराते रहते हैं। ग्राहक के जाने के पहले उसकी पसंद का रूम दिखा दिया जाता है। यह तकनीक भारत सरकार से अनुमति प्राप्त है।



रजत जायसवाल।

## 87 दिन में मरीजों की दिक्कत समझ कंपनी खोली

**कानपुर।** 19 साल के विवेक वर्मा ने 87 दिन तक मेडिकल स्टोर पर सेल्समैन की फ्री में नौकरी कर मरीजों की दिक्कत समझी और फिर शेयर नाम की कंपनी खोल दी। विवेक वर्मा की कंपनी से जुड़े मरीजों को मेडिकल स्टोरों पर लाइन नहीं लगानी पड़ती। इसके अलावा वह घर पर भी दवा पहुंचाते हैं। मरीजों को दवाओं की कीमत पर 15 फीसदी छूट दी जाती है। ई समिट के मौके पर आयोजित स्टार्ट अप प्रतियोगिता में विवेक वर्मा ने भी भाग लिया है। विवेक ने बताया कि वे मेडिकल स्टोर में अपनी सेल्फ सुनिश्चित करा लेते हैं। रोगी को उसके घर के पास के मेडिकल स्टोर की सेल्फ से तुरंत दवा मिल जाती है। वे थोक विक्रेता से सीधे जुड़ते हैं। दवा में 26 से 30 फीसदी मिलने वाले मार्जिन में वह छह फीसदी लेते हैं। इतना ही मार्जिन दुकानदार को मिलता है। रोगी को 15-16 फीसदी मार्जिन मिल जाता है। इससे तीनों का फायदा होता है। एक जुलाई को इसी साल उन्होंने काम शुरू किया। अब तक 113 आर्डर मिले जिससे करीब 90 हजार रुपये मुनाफा हुआ।



विवेक वर्मा।

## सीटीईटी में आवेदन को अंतिम मौका आज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित होने वाली सीटीईटी (सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) के लिए अब तक फार्म नहीं भरा तो अब आवेदन कर दें। सोमवार को आवेदन करने का अंतिम मौका है। जबकि फीस का भुगतान 30 अगस्त तक किया जा सकता है। सीटीईटी में आवेदन के लिए आवेदन प्रक्रिया 1 अगस्त से शुरू हुई थी। वहीं, अब तक सीटीईटी की परीक्षा तिथि घोषित नहीं होने के कारण आवेदक काफी असमंजस में हैं। सीटीईटी के लिए आवेदन प्रक्रिया अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद छात्रों को फॉर्म में सुधार करने का अवसर भी मिलेगा। इसके लिए उम्मीदवारों को ऑनलाइन ही ब्योरा उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें वह सभी जानकारी होगी जो उम्मीदवारों ने अपने आवेदन फार्म में भरी होगी। अब अगर इस जानकारी में कोई गलती पाते हैं तो वह ऑनलाइन ही सुधार कर सकते हैं। इससे पहले आवेदकों को 30 अगस्त तक हर हाल में ई-चालान, क्रेडिट कार्ड व डेबिट कार्ड से फीस का भुगतान करना होगा।



आईआईटी गांधी नगर के मनीष जैन ने छात्र-छात्राओं को प्रैक्टिकल करके दिखाया।

अमरउजाला Education
safalta.com अमर उजाला

# SSC कॉन्स्टेबल जीडी और करेंट अफेयर्स के लिए ये पुस्तकें हैं खास उपयोगी




हरीश सक्सेना- 8392953575

| | | | |
|---|---|---|---|
| गुप्ता बुक डिपो (बाँदा) 9838759272 | दोहरे कम्पटीशन बुक सेण्टर (बकेवर) 7906175181 | न्यू जयसवाल कम्पटीशन बुक डिपो (हरदोई) 9415414569 | श्याम सुंदर गुप्ता (कानपुर) 9450140350 |
| भगवती कम्पटीशन गैलरी (उरई) 9935848267 | मिश्रा बुक डिपो (कन्नौज) 9838087270 | श्री कार्तिकेय बुक डिस्ट्रीब्यूटर्स (कानुपर) 9336771761 | यूनिक बुक एजेंसी (हरदोई) 9889796648 |

प्रमुख बुक स्टॉल, Flipkart एवं safalta.com पर भी उपलब्ध। VPP द्वारा ऑर्डर करने के लिए टोल फ्री नं. 18001211166 पर सुबह 10:00 से सांय 5:30 तक (सोमवार से शनिवार) संपर्क करें। VPP के लिए न्यूनतम ऑर्डर ₹200 या ज्यादा का होना चाहिए।

amarujala.com Touch Point Outdoors MY City Jobs cpd Education सफलता safalta.com उड़ान चौपाल

## प्रयोगात्मक ज्ञान दूर करेगा छात्र-छात्राओं का तनाव

आईआईटी में इंजीनियरिंग को रोचक बनाने के लिए चल रही कार्यशाला का समापन

अमर उजाला ब्यूरो

**कानपुर।** आईआईटी में इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष के छात्रों का मानसिक तनाव दूर करने के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का रविवार का समापन हो गया। इंजीनियरिंग को रोचक बनाने के लिए आयोजित इस कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने प्रैक्टिकल के जरिये गणित और विज्ञान को समझा।

आईआईटी गांधीनगर में सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग (सीसीएल) का संचालन करने वाले मनीष जैन ने बताया कि बच्चों पर शुरुआत से ही नंबर लाने का दबाव बनने लगता है। बच्चों को विषय में रुचि नहीं होती है पर नंबर लाने के दबाव में उन्हें पढ़ना पड़ता है। इसकी वजह से बच्चे डिप्रेशन में भी चले जाते हैं। ऐसे में अगर बच्चों को प्रैक्टिकल के जरिये शुरुआत से ही सब कुछ बताया जाए तो उन्हें गणित और साइंस से डर नहीं लगेगा और न ही स्ट्रेस होगा। मनीष ने बताया भारत में ऐसा कोई भी सेंटर नहीं है जो बच्चों को प्रैक्टिकल और खिलौनों के जरिये गणित और विज्ञान पढ़ाए। आईआईटी के साथ पूरे भारत में ऐसे क्रिएटिव लर्निंग सेंटर खुलने चाहिए। अगर कोई सीखना चाहे तो आईआईटी गांधीनगर में हमारे सेंटर पर आकर सीख सकता है।

### खीरे से बच्चों ने सीखा गणित

बच्चों ने खीरे से त्रिभुज, सर्किल, चतुर्भुज सहित रेखागणित की बारीकियों को समझा। इसके साथ ही बच्चों ने साइन वेब कार (लहरों को डिजाइन करने वाली), इलेक्ट्रिक मोटर के साथ भौतिक विज्ञान के कुछ बुनियादी सिद्धांतों के बारे में जानकारी हासिल की। बच्चों ने डंडियों और एल्युमीनियम की सहायता से स्ट्रक्चर बनाए। आईआईटी से बीटेक कर रहे विराज ने बताया कि कक्षा 8 में जब पहली बार त्रिकोणमिति पढ़ी थी तो वेब लाइन (लहरों) के बारे में नहीं पता था पर आज जब प्रैक्टिकल किया तो आसानी से समझ आया।

### वीडियो से सीखें कठिन चीजों का समाधान

जो भी बच्चे खिलौनों और प्रैक्टिकल से गणित और विज्ञान सीखना चाहते हैं वे गूगल पर वेबसाइट iitgncli को सर्च कर सकते हैं। इस जाकर छात्र छोटे-छोटे वीडियो देखकर गणित-विज्ञान की कठिन चीजों को सरलता से समझ सकते हैं। आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र मनीष जैन और रवि सिन्हा (आईआईटी दिल्ली), गौरव यादव (आईआईटी बांबे) व अन्य साथी सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग का संचालन करते हैं।

## अमर उजाला JobAlert safalta.com

### NIIST: प्रोजेक्ट असिस्टेंट के पदों पर मौका

राष्ट्रीय अंतर्विषयी विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संस्थान



- **कुल पद :** 17
- **पद का विवरण :** प्रोजेक्ट असिस्टेंट -II/III
- **शैक्षणिक योग्यता :** पदों के अनुसार योग्यता होनी चाहिए।
- **आयु सीमा :** 30 / 35 वर्ष

www.niist.res.in

- **आवेदन प्रक्रिया :** आवेदन सीएसआईआर – एन.आई.आई.एस.टी. की वेबसाइट से डाउनलोड करें और विधिवत रुप से भरे फार्म के साथ साक्षात्कार के समय प्रस्तुत रहें।
- **साक्षात्कार का पता :** सी.एस.आई.आर.-एन.आई.आई.एस.टी., पाप्पनंकोड, तिरुवनंतपुरम – 695019
- **साक्षात्कार की तिथि :** पदानुसार निर्धारित

### BLCL : मैनेजर के पद खाली

बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड



- **कुल पद :** 11
- **पद का विवरण :** सीनियर मैनेजर
- **शैक्षणिक योग्यता :** मान्यताप्राप्त संस्थान से सीए/ आईसीडब्ल्यू एवं अन्य निर्धारित योग्यताएं।
- **आयु सीमा :** पदानुसार निर्धारित

http://www.balmerlawrie.com

- **आवेदन प्रक्रिया :** इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवार संबधित वेबसाइट www.balmerlawrie.com पर जाकर दिए गए निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने के बाद आवेदनपत्र के प्रिंटआउट को आगामी प्रक्रिया के लिए सुरक्षित रख लें।
- **अंतिम तिथि :** ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 सितंबर, 2018

### LIC में रिक्तियां

एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

300 कुल पद

Job of the day



- **पदों का विवरण :** असिस्टेंट, एसोसिएट तथा असिस्टेंट मैनेजर
- **शैक्षणिक योग्यता :** पदानुसार निर्धारित
- **आयु सीमा :** 21 से 28 वर्ष निर्धारित
- **आवेदन शुल्क :** आवेदन करने के लिए उम्मीदवार को 500 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा। आवेदन शुल्क पर 18 फीसदी जीएसटी कर भी लगाया जाएगा।
- **आवेदन प्रक्रिया :** इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवार संबधित वेबसाइट पर जाकर दिए गए निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।
- **अंतिम तिथि:** ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 06 सितंबर, 2018 निर्धारित है।

www.lichousing.com

### GPSC: जूनियर असिस्टेंट के पद रिक्त

- **कहां:** गोवा पब्लिक सर्विस कमीशन
- **पद का विवरण :** जूनियर असिस्टेंट ग्रुप 'सी'
- **शैक्षणिक योग्यता :** 12वीं का प्रमाणपत्र एवं अन्य निर्धारित योग्यताएं
- **आयु सीमा :** अधिकतम 45 वर्ष
- **आवेदन प्रक्रिया :** आवेदन करने के लिए उम्मीदवार संबंधित वेबसाइट पर जाकर दिए गए निर्देशानुसार 02 सितंबर, 2018 तक ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। आवेदनपत्र सबमिट करने के बाद आवेदनपत्र के प्रिंटआउट को वांछनीय दस्तावेजों के साथ संलग्न कर निर्धारित पते पर भेज दें।
- **पत्राचार का पता :** ईडीसी हाउस, 'सी' ब्लॉक, प्रथम तल, दादा वैद्य रोड, पणजी- गोवा- 403001
- **आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि:** 10 सितंबर, 2018 (ऑफलाइन)
- **वेबसाइट:** http://gpsc.goa.gov.in

### आज का सवाल

**मैं बीएससी बीसीजेड से कर रही हूं। मुझे एमएससी, माइक्रोबायोलॉजी अथवा अन्य एमएससी कोर्सेज के विषय में बताएं तथा उनमें से मेरे लिए कौन-सा विषय उचित रहेगा, ये भी बताएं?**

**– विजेता चौहान**

**जवाब :** आप बीएससी केमिस्ट्री, बॉटनी तथा जूलॉजी से कर रही हैं, तो आपके लिए एमएससी माइक्रोबायोलॉजी या एमएससी बायोटेक्नोलॉजी करना ज्यादा उचित है, क्योंकि इस कोर्स के विषयों की मूलभूत जानकारी आपने स्नातक करते हुए प्राप्त कर ली है, अतः इस परिस्थिति में आप उन विषयों में अच्छा प्रदर्शन कर सकती हैं। आप एमएससी पाठ्यक्रम के दौरान यदि एमएससी इन्फॉर्मेटिक्स कोर्स में प्रवेश लेती हैं, तो उस पाठ्यक्रम के सभी विषय आपके लिए नए होंगे, जिनसे आपको इन विषयों को समझने में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।



अपने सुझाव और सवाल हमें इस लिंक पर भेजें- www.safalta.com/ask
jobalert@amarujala.com
क्लिक करें www.safalta.com और पाएं सरकारी नौकरी से जुड़ी नवीनतम जानकारियां